# तीन लाख के लेन-देन ने ली जान, 3 घंटे में कातिल को दबोचा

▸ उधारी बनी जान की दुश्मन : हाथीपाला में दोस्ती का खूनी अंत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** रावजी बाजार थाना क्षेत्र में बुधवार रात हुए सनसनीखेज हत्याकांड का पुलिस ने महज 3 घंटे में खुलासा कर दिया. चौंकाने वाली बात यह रही कि हत्या का आरोपी मृतक का 12 साल पुराना करीबी दोस्त ही निकला, जिसने 3 लाख रुपए की उधारी के विवाद में उसे सरेराह मौत के घाट उतार दिया था.

डीसीपी आनंद कलादगी ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी को तीन घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया है, और प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह उधारी का विवाद सामने आया है. आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. ज्ञात हो कि हाथीपाला इलाके में बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया था, जब पठान मोहल्ला निवासी फिरोज उर्फ कालू अंसारी की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी थी.



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हलचल मच गई थी. डीसीपी जोन 4 के निर्देशन में विशेष टीमों का गठन कर तत्काल जांच शुरू की गई. पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र को सक्रिय करते हुए तेजी से कार्रवाई की. इसका नतीजा यह रहा कि वारदात के मात्र तीन घंटे के भीतर ही आरोपी अरबाज खान को गिरफ्तार कर लिया गया. आरोपी को रेलवे ट्रैक के पास से घेराबंदी कर पकड़ा, जहां वह भागने की फिराक में था. इस दौरान वह खुद भी घायल हो गया.

> **अरबाज ने फिरोज को उधार दिए थे 3 लाख रुपए**
>
> पूछताछ में सामने आया कि चम्पाबाग में रहने वाला अरबाज खान और मृतक फिरोज के बीच लंबे समय से दोस्ती थी. अरबाज ने फिरोज को करीब 3 लाख रुपए उधार दिए थे, जिन्हें लौटाने को लेकर दोनों के बीच लगातार विवाद चल रहा था. बुधवार रात इसी बात को लेकर कहासुनी बढ़ी और गुस्से में आकर अरबाज ने चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे फिरोज की मौके पर ही मौत हो गई थी. फिलहाल पुलिस इस हत्याकांड की एंगल पर से जांच कर रही है कि वारदात में आरोपी के साथ कोई अन्य व्यक्ति शामिल था या उसने अकेले ही इस खौफनाक घटना को अंजाम दिया था.

# आरोपी पिता-पुत्र दो दिन के रिमांड पर

▸ थाने में फूट-फूटकर रोया मोहनीश, सोशल मीडिया पर डालता था धमकी भरे वीडियो

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. निपानिया स्थित शिव वाटिका टाउनशिप में महिला इंजीनियर शंपा पाठक पांडे की मौत के मामले में गिरफ्तार पिता पुत्र को पुलिस ने दो दिन के रिमांड पर लिया है. मामले में मुख्य आरोपी मोहनीश उर्फ मोहित अब पुलिस हिरासत में अपने किए पर पछताता नजर आ रहा है.**

लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि आरोपी मोहनीश और उसके पिता कुलदीप चौधरी को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है. पुलिस अब रिमांड के दौरान आरोपियों से घटना से जुड़े हर पहलू पर पूछताछ कर रही है, साथ ही उनकी शिनाख्त प्रक्रिया भी कराई जाएगी. दोनों को रविवार को फिर अदालत में पेश किया जाएगा. पुलिस सूत्रों का कहना है कि थाने में बंद मोहनीश लगातार पछतावा जता रहा है और अपने किए को गलती बताकर गिड़गिड़ा रहा है. हालांकि जांच में सामने आया है कि उसका स्वभाव पहले से ही आक्रामक और लापरवाह रहा है. मोहनीश सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय था और मोहनीश जाट एक्स नाम से इंस्टाग्राम आईडी संचालित करता था. इस आईडी पर वह तेज रफ्तार में कार चलाने और धमकी भरे वीडियो पोस्ट करता था. हैरानी की बात यह है कि जिस युवक ने इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया, उसके पास ड्राइविंग लाइसेंस तक नहीं था. घटना के दौरान भी मोहनीश ने अपने दोस्तों को कॉल कर मौके पर बुलाने की कोशिश की थी, लेकिन कोई उसकी मदद के लिए नहीं पहुंचा. टीआई का कहना है कि मामले में अब तक कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए हैं, जबकि मृतका के पति सौरभ सहित अन्य महत्वपूर्ण गवाहों के बयान अभी लिए जाना बाकी हैं. आरोपियों के खिलाफ मजबूत साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, ताकि उन्हें किसी भी स्थिति में कानूनी राहत न मिल सके. फिलहाल पुलिस इस सनसनीखेज मामले की हर कड़ी को जोड़ने में जुटी है, ताकि पूरे घटनाक्रम का पुख्ता खुलासा किया जा सके.

# एफआईआर बदलने से इनकार पड़ा भारी

▸ आईएएस फार्महाउस जुआकांड हाईकोर्ट पहुंचा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मानपुर फार्महाउस जुआकांड अब बड़ा कानूनी मोड़ ले चुका है. सस्पेंड किए गए तत्कालिन टीआई ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए आरोप लगाया है कि उन्हें एफआईआर में बदलाव से इनकार करने की सजा मिली है. मामले में कोर्ट ने शासन के वरिष्ठ अधिकारियों से जवाब तलब किया है.**

ज्ञात हो कि आईएएस वंदना वैद्य के मानपुर स्थित फार्महाउस पर जुआ पकड़े जाने के मामले में निलंबित टीआई लोकेंद्र सिंह हिहोरे ने अपनी याचिका में गंभीर आरोप लगाए हैं. उन्होंने कहा कि घटना के बाद उन पर लगातार दबाव बनाया गया कि एफआईआर से फार्महाउस का नाम हटाया जाए और घटना स्थल बदल दिया जाए, लेकिन उन्होंने नियमों के अनुसार सही तथ्य दर्ज किए. टीआई के मुताबिक, इसी के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें सस्पेंड कर दिया. उन्होंने इसे प्रशासनिक दबाव में लिया गया निर्णय बताते हुए दुरुपयोग का आरोप लगाया है. गुरुवार को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह, डीजीपी, आईजी ग्रामीण, एसपी ग्रामीण, एडिशनल एसपी और एसडीओपी को पक्षकार बनाते हुए जवाब मांगा है. मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी.

सूत्रों का कहना है कि याचिका में टीआई ने यह भी उल्लेख किया कि जुआ पकड़ने की कार्रवाई के समय उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि फार्महाउस आईएएस अधिकारी का है. बाद में जानकारी सामने आने पर उन पर फोन और संदेशों के जरिए दबाव बनाया, लेकिन उन्होंने तथ्यों में बदलाव करने से इनकार कर दिया. टीआई ने एएसआई रेशम गिरवाल के निलंबन पर भी सवाल उठाए हैं. उनका कहना है कि एएसआई घटना के समय अवकाश पर थीं, इसके बावजूद बिना जांच उन्हें सस्पेंड कर दिया. वहीं टीआई के अधिवक्ता मिनी रवीन्द्रन का कहना है कि मामला न्यायालय में लंबित है, इसलिए विस्तृत टिप्पणी सुनवाई के दौरान ही की जाएगी.

# पुलिस ने लिया पुलिस की सतर्कता का इम्तिहान

▸ डीसीपी ने खुद परखा रिस्पॉन्स टाइम

▸ फर्जी इवेंट जनरेट कर जांची मुस्तैदी

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पुलिस अब सिर्फ अपराधों की जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि मौके पर तेजी से पहुंचने की क्षमता को भी धार दे रही है. ज़ोन-4 के डीसीपी ने पुलिस के रिस्पॉन्स टाइम को परखने के लिए खुद कंट्रोल रूम से फर्जी इवेंट जनरेट कर एक अनोखी पहल शुरू की है, जिसमें पुलिस टीमों की तत्परता और सतर्कता का इम्तिहान लिया जा रहा है.

शुक्रवार को डीसीपी कार्यालय परिसर में ज़ोन-4 के विभिन्न थानों की एफआरवी (डायल-112) गाड़ियों का निरीक्षण किया. इस दौरान डीसीपी आनंद कलादगी ने न सिर्फ वाहनों की तकनीकी स्थिति परखी, बल्कि मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों की सक्रियता और प्रतिक्रिया समय का भी परीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान एफआरवी में लगे जीपीएस सिस्टम, वायरलेस सेट और अन्य उपकरणों की बारीकी से जांच की. डीसीपी ने वाहन चालकों और स्टाफ से सीधे संवाद कर तकनीकी खामियों और संचालन संबंधी समस्याओं की जानकारी ली. उन्होंने स्पष्ट किया कि डायल-112 पुलिस की पहली प्रतिक्रिया इकाई है, जो आपात स्थिति में सबसे पहले पीड़ित तक पहुंचती है, ऐसे में हर सेकंड बेहद अहम होता है.



> **बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों को किया जाएगा प्रोत्साहित**
>
> डीसीपी ने बताया कि वे खुद समय-समय पर कंट्रोल रूम के माध्यम से रैंडम इवेंट जनरेट कर टीमों की निगरानी कर रहे हैं, ताकि यह परखा जा सके कि सूचना मिलने के बाद पुलिस कितनी तेजी से मौके तक पहुंचती है. इस प्रक्रिया के जरिए न सिर्फ कमियों की पहचान हो रही है, बल्कि टीमों को मौके पर ही सुधार के निर्देश भी दिए जा रहे हैं. उन्होंने एफआरवी टीमों को ट्रैफिक के दबाव के बीच वैकल्पिक मार्गों के उपयोग, तुरंत निर्णय और समन्वय के गुर भी सिखाए. साथ ही साफ किया कि बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीमों को प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही बरतने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## एक नजर में

### रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा संपन्न




**महू.** रोटरी क्लब ऑफ महू की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा में रोटरी इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन सुशील मल्होत्रा और डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला रोटेरियन रूबी मल्होत्रा ने क्लब की विजिट की. इस विजिट में क्लब अध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार पाटीदार, सचिव अंबर सोनी और अन्य रोटेरियन साथियों ने अतिथियों का स्वागत मोतियों की माला से किया. कार्यक्रम में क्लब के वर्तमान अध्यक्ष राजेश पाटीदार ने इस आधिकारिक यात्रा में सुशील मल्होत्रा का परिचय दिया. सर्वप्रथम क्लब के अध्यक्ष सचिव व डायरेक्टर के साथ मीटिंग करने के साथ सभी सदस्यों को उनके द्वारा पूरे वर्ष भर किए गए सेवा कार्यों के लिए बधाई प्रेषित की और क्लब के अध्यक्ष एवं सचिव के साथ क्लब के वरिष्ठ सदस्य कायद जोहर और अमरदास उदासी को सम्मानित किया. रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट द्वारा गवर्नर सुशील मल्होत्रा एवं रूबी मल्होत्रा को विशेष पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया. अतिथि क्लब रोटरी क्लब महू के अध्यक्ष रमेश जैन राही और समाजसेवी रोटेरियन शैलेंद्र शुक्ला को सम्मानित किया. इस अवसर पर क्लब के डायरेक्टर सरदार मालवीय, विष्णु चौहान, योगेश उपाध्याय, एडवोकेट मनीष पांडे, अंकित सोनी, कैप्टन चांद सिंह, अनूप सोनी, फुरकान कुरैशी, देवेंद्र बाथम, डॉ हेमलता पाटीदार, माया चौहान, कन्हैया चौहान भी मौजूद थे. संचालन कायद जौहर ने किया.

### जिला फुटबॉल संघ कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान समारोह



**महू.** इंदौर जिला फुटबॉल संघ के यशस्वी अध्यक्ष श्री रमेश मेंदोला जी के नेतृत्व में उनके निवास पर संघ के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं जिले के समस्त पंजीकृत फुटबॉल क्लब संचालकों का भव्य सम्मान समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. इस अवसर पर सभी नवनिर्वाचित सदस्यों का सम्मान किया गया.समारोह में वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही, जिनमें प्रमुख रूप से जगदीशचंद खोड़े, अशोक पिल्ले, सुरेश डामोर, एस.एम. सलीम, शिवकुमार भमौर, यशवंत कौशल, प्रवीण कांबले, अशोक डागर, गीता वर्मा, अलका रायकवार, एकता बाथम,श्र विनोद कल्याणे,सचिव नीरज शर्मा, उपाध्यक्ष अमित शुक्ला, इंदौर प्रभारी राकेश सिरसिया, गोपाल धवन, सविता वर्मा, फूलवती वर्मा, अंकित चिराउड़े, मो. इनामुलहक, जयेश मार्टिन, नितेश सोनकर,रमीज राजा, आकाश भमौर, मनोज मोरने, अनुराग मुनीम, विक्रम शक्तावत, विनोद मुकाती,गौरव खराड़ी,शिवम शर्मा एवं अंश सिरसिया सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे. बैठक के दौरान संघ की आगामी योजनाओं एवं गतिविधियों पर गहन एवं सकारात्मक चर्चा की गई. अध्यक्ष श्री रमेश मेंदोला जी ने अपने उद्बोधन में सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करने, अनुशासन एवं समयबद्धता के साथ सभी गतिविधियों को सफलतापूर्वक संपन्न करने का आह्वान किया.संचालन उपाध्यक्ष अमित शुक्ला ने किया आभार इंदौर प्रभारी राकेश सिरसिया द्वारा व्यक्त किया गया.

### महू में आईपीएस कॉलेज का छात्र डूबा, मौत

**महू.** महू के पर्यटन स्थल बामणिया कुंड में शुक्रवार को एक युवक की डूबने से मौत हो गई।19 वर्षीय छात्र गहरे पानी में नहाते समय डूबा।इस घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पर सवाल उठ रहे हैं. मृतक की पहचान घाटा बिल्लोद निवासी अनुज (19) पुत्र घनश्याम के रूप में हुई है। अनुज इंदौर के आईपीएस कॉलेज का छात्र था।जानकारी के मुताबिक, वह अपने दोस्तों के साथ बामणिया कुंड घूमने आया था और नहाने के लिए कुंड में उतरा था।पानी की गहराई का अनुमान न लगा पाने के कारण वह डूब गया. घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों और अनुज के दोस्तों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली।सूचना मिलने पर बड़गोंदा पुलिस मौके पर पहुंची।ग्रामीणों और गोताखोरों की मदद से युवक के शव को कुंड से बाहर निकाला गया।शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया है. उल्लेखनीय है कि बामणिया कुंड में डूबने की यह पहली घटना नहीं है।इससे पहले भी यहां कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।इसके बावजूद प्रशासन द्वारा सुरक्षा गार्ड, चेतावनी बोर्ड या बैरिकेडिंग की कोई पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है।

# कट मारने के कारण गिरा युवक, मौत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** एरोड्रम थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक ने एक और जान ले ली. छोटा बांगड़दा इलाके में आईस्क्रीम डिलीवरी का काम करने वाले 46 वर्षीय अतीक की तेज रफ्तार बाइक के कट से दुर्घटना में मौत हो गई. पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसके आधार पर पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी है.

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में एक अन्य बाइक सवार द्वारा कट मारना स्पष्ट दिखाई दे रहा है. वाहन नंबर के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा. छोटा बांगड़दा क्षेत्र में बुधवार रात अतीक रोज की तरह काम खत्म कर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे. इसी दौरान पीछे से आए एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने लापरवाही से उन्हें कट मारा. अचानक संतुलन बिगड़ने से अतीक सड़क पर गिर पड़ा और उनके सिर में गंभीर चोट आई.

> **अस्पताल पहुंचने से पहले ही हो गई मौत**
>
> 
>
> घटना के बाद आरोपी मौके पर रुकने के बजाय फरार हो गया. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई है, जिसमें आरोपी की तेज रफ्तार और लापरवाही साफ नजर आ रही है. पुलिस ने फुटेज के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. गंभीर रूप से घायल अतीक को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई. एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप, जांच में जुटी.


# कार ने एक्टिवा को मारी टक्कर, युवक की मौत

**इंदौर.** तुकोगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार ने गुरुवार देर रात ऐसा कहर बरपाया कि एक परिवार का इकलौता सहारा छिन गया, जबकि दूसरे घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई. एमजी रोड पर हुए इस भीषण हादसे में एक्टिवा सवार युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल है.



घटना गुरुवार देर रात एमजी रोड की है, जहां एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार नम्बर जीजे 06 एफके 2296 ने पीछे से एक्टिवा सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक करीब 30 फीट दूर उछलकर फुटपाथ पर जा गिरे. मौके पर ही एक युवक ने दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. तुकोगंज थाना प्रभारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि हादसे में खजराना निवासी 23 वर्षीय अनस अब्बासी की मौत हो गई. अनस पेशे से फोटोग्राफर था और अपने परिवार का इकलौता बेटा था. दो साल पहले पिता की मौत के बाद घर की पूरी जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी. वहीं हादसे में 32 वर्षीय घायल जुबेर के दोनों पैरों में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है. जुबेर कार डेकोरेशन का काम करता है और उसके परिवार में 20 दिन बाद शादी की तैयारियां चल रही थीं, जो अब हादसे के बाद थम गई हैं.

> **पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी ड्राइवर को पकड़ा**
>
> सूचना मिलते ही तुकोगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया. जब पुलिस ने कार की जांच की, तो उस पर फर्जी नंबर प्लेट लगी होना सामने आया, जिससे मामला और गंभीर हो है. पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि आरोपी ने फर्जी नंबर प्लेट क्यों लगाई थी और कहीं वह किसी अन्य आपराधिक गतिविधि में तो शामिल नहीं था. फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है.



# कांक्रीट मिक्सर ट्रक पलटा बाल-बाल बचे लोग

**इंदौर.** बिजासन रोड पर एयरपोर्ट थाने के सामने शुक्रवार सुबह कांक्रीट मिक्सर ट्रक पलट गया. हादसे के वक्त आसपास कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा नुकसान टल गया. एरोड्रम थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि ट्रक मिक्सर प्लांट से संबंधित था और अचानक असंतुलित होकर सड़क पर पलट गया. घटना के बाद ट्रक काफी देर तक सड़क पर ही पड़ा रहा, जिससे सुबह के समय यातायात प्रभावित हुआ. सूचना के बाद मौके पर पहुंची टीम ने ट्रक को हटाने की कार्रवाई शुरू की, जिसके बाद यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका, घटना में कोई आहात नहीं हुआ.

# सुविधि नगर में चल रहा था सट्टे का अड्डा, 9 सटोरिये धराए

▸ 11 मोबाइल, 7 कैलकुलेटर, सट्टा पर्ची बरामद

▸ लगभग 15 हजार रुपए नकद भी जब्त

**इंदौर.** एरोड्रम पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 सटोरियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने मौके से मोबाइल, कैलकुलेटर और नकदी सहित सट्टा संबंधी सामग्री जब्त की गई है.

थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि देर रात को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुविधि नगर क्षेत्र में सट्टा संचालित किया जा रहा है. इस पर दबिश देकर आशीष को सट्टा लेते पकड़ा. पूछताछ में उसने महेश के कहने पर काम करने की बात कबूली. इसके बाद पुलिस ने सिंगापुर सिटी स्थित मकान पर छापा मारा, जहां 9 लोग मोबाइल के जरिए सट्टा लेते और लिखते मिले. सभी को मौके से पकड़ लिया. आरोपियों में रितेश (एरोड्रम), योगेश (खंडवा), शेखर (विजयश्री नगर), पंकज (छत्रीपुरा), दिनेश (कॉरिडोर सिटी), प्रदीप (एरोड्रम) और महेश (कॉरिडोर सिटी) शामिल हैं. वहीं पूछताछ में सामने आए शिवराम (कुशवाह नगर) को बाणगंगा क्षेत्र से गिरफ्तार किया. कार्रवाई में 11 मोबाइल, 7 कैलकुलेटर, सट्टे की पर्चियां और करीब 15 हजार रुपए नकद जब्त किए गए, जबकि शिवराम से भी मोबाइल और 1200 रुपए नकद मिले. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी है.



## एक नजर में ▸ खबर का असर... नवभारत में खबर प्रकाशित होने पर खुली नगर निगम के जिम्मेदारों की नींद, रहवासियों ने नवभारत का आभार जताया

# सवा करोड़ की लागत से बन रही अभिषेक नगर में सीमेंट-कांक्रीट की पक्की सडक़

**इंदौर.** शहर के वार्ड 51 स्थित उद्योग नगर के अभिषेक नगर की बदहाल मुख्य सडक़ का निर्माण अब लगभग 1.25 करोड़ की लागत से शुरू हो गया है. नवभारत द्वारा अक्टूबर में सडक़ के गड्ढों, मलबे और राहगीरों की परेशानी को प्रमुखता से उठाने के बाद प्रशासन ने संज्ञान लिया. अब यहां सीमेंट कांक्रीट की पक्की सडक़ बनाई जा रही है. इससे स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिली है.



दरअसल, वार्ड 51 (उद्योग नगर) के अंतर्गत अभिषेक नगर की मुख्य मार्ग पर गहरे गड्ढे और गिट्टी बिखरी हुई थी, जिससे चलना दूभर था. परेशान निवासियों ने सडक़ पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में अपने खर्च पर टूटे मकान का मलबा डाल रखा था, फिर भी मुख्य मार्ग से चलना आसान नहीं था. लेकिन, बरसात में तो स्थिति नारकीय हो जाती थी.

अक्टूबर माह में क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं नवभारत से साझा की थी. नवभारत द्वारा इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशन और लगातार फॉलोअप के बाद उच्च अधिकारियों ने समस्या को संज्ञान में लिया. आखिर यहां सवा करोड़ रुपए की लागत से कंक्रीट सडक़ का निर्माण कार्य शुरू हो गया है. यह कार्रवाई नगर निगम की अनदेखी के खिलाफ मीडिया की सक्रियता और जनहित के मुद्दों के समाधान का एक सफल उदाहरण है.

### ▸ यह बोले रहवासी...



बरसों से जरजर हालत में पक्की सडक़ इतने जल्दी बनना शुरू हो जाएगी, ऐसा सोचा भी नहीं था. इससे रहवासियों की मुश्किलें खत्म हो जाएगी. खबर प्रकाशित करने के लिए नवभारत का धन्यवाद. - राजवीर सिंह



यह औद्योगिक क्षेत्र है. इस मार्ग से भारी वाहन भी गुजरते हैं. ऐसे में सडक़ पर बने सीवेज लाइन के चेंबर के ढक्कन टूटना आम बात हो जाएगी, जो दुर्घटना का कारण बनेंगे और पैसों का भी नुकसान होगा. इस बात को ध्यान में रखकर ही सडक़ बनाई जानी चाहिए. - हरी ओझा



बरसात में बड़े वाहनों का फंस जाना और दो पहिया वाहन चालकों का गिरना आम हो चला था. क्षेत्र को पक्की सडक़ की जरूरत थी, वह आज हमें मिल गई. हम बहुत खुश हैं. - रामसुखलाल कुशवाहा



सवा करोड़ रुपए की लागत से प्रभु तोल कांटे से चौधरी पार्क तक की जो मुख्य सडक़ और गलियों में सडक़ का निर्माण किया जा रहा है, वह ढाई महीने में पूरा होगा. - मलखान सिंह कटारिया